# महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा लिया गया ई-ऑफिस का प्रशिक्षण





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला छिन्दवाडा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में ही ई-ऑफिस का प्रशिक्षण लिया गया।

## पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन हुआ। इस कार्यशाला के अंतर्गत जिले के विकासखण्डों के 12 परियोजना के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला छिन्दवाडा द्वारा प्रथम सत्र के अंतिम दिवस में प्रशिक्षण स्थल में प्रशिक्षण की गुणव8ाा एवं प्रशिक्षण में उपयोग की जाने वाली आवश्यक गतिविधियों के संबंध में कोर्स डायरे1टर परियोजना अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षकों से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति एवं नाश्ता भोजन की गुणव8ाा पर भी चर्चा की गई।

संचालनालय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार पोषण भी पढ़ाई भी कार्यशाला में रीडिंग मटेरियल हेण्डबुक का उपयोग करने एवं प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। कले1टर शीलेन्द्र सिंह की ओर से प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणव8ाा एवं मॉनीटरिंग के लिये जिले से अन्य विभाग के अधिकारी को नामांकित किया गया है, जिनके द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। शून्य से ०३ साल के बच्चों को नवचेतना एवं 0०३ से ०६ वर्ष तक के बच्चों को आधारशिला वर्कबुक के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। परंतु प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी जब से आऐं है उनकी रूचि शासन की योजनाओं से कम नजर आ रही है।

# नगर पालिक निगम का फीडबैक अभियान जारी ब्रांड एम्बेसडर दीपकराज जैन ने कराया फीडबैक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण में छिंदवाड़ा को प्रदेश ही नहीं देश में अव्वल स्थान दिलाने के लिए नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके, आयुक्त सी.पी. राय, ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन सहित स्वच्छता टीम कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

इसी के तहत निगम की स्वच्छता टीम विविध संस्थाओं में जाकर जनमानस को फीडबैक के प्रति जागृत कर रही है। फीडबैक अभियान के तहत नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन के साथ निगम से इंजीनियर रवि हनोते एवं शिव प्रसाद पंद्राम ने विविध क्षेत्रों के साथ अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी जाकर स्वच्छता का महत्व बताया और जनमानस सहित शिक्षकों से फीडबैक कराकर छिंदवाड़ा को नंबर वन पायदान पर लाने हेतु सहयोग की अपील की।

स्वच्छता टीम का स्कूल प्राचार्य रविशंकर माथुर ने आत्मीय अभिनंदन किया ओर स्वयं ने फीडबैक कर तमाम शिक्षा जगत सहित नगर वासियों से फीडबैक देने की अपील की।



## फारेस्ट कॉलोनी में गंदगी का अम्बार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** फारेस्ट कॉलोनी में सभी अधिकारी, कर्मचारी निवासरत है लेकिन वहां पर घरों के बाहर, सड़को के किनारे, पार्को में गदंगी का अम्बार लगा हुआ है। यदि नगर पालिक निगम द्वारा एक अभियान चलाकर फारेस्ट कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया जाए तो कॉलोनी पूरी तरह साफ सुथरी हो सकती है।

### सार-समाचार

## बंजर जमीन से हरियाली तक कृषक की सफलता की कहानी

**शुभम नांदेकर**

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पांढुर्णा जिले के सौंसर विकासखंड के ग्राम दुधालाकलां के कृषक अशोक साहू ने अपनी मेहनत और नवाचार के बल पर बंजर जमीन को उपजाऊ खेतों में बदलने की मिसाल कायम की है। पहले वे पारंपरिक रासायनिक खेती से जुड़े थे, लेकिन पानी की कमी और जंगल किनारे खेत होने के कारण जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इससे उनकी आय भी सीमित थी, जिससे वे लगातार संघर्ष कर रहे थे।

प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ाया कदम

अशोक साहू को आत्मा परियोजना के माध्यम से रायसोनी कृषि महाविद्यालय, साईंखेड़ा में कृषि विशेषज्ञ सुभाष पालेकर से मिलने का अवसर मिला। उनके मार्गदर्शन और कृषि विभाग के सहयोग से उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने खेतों में जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क और घनजीवामृत का प्रयोग शुरू किया जिससे मिट्टी की उर्वरता में सुधार हुआ और रासायनिक खादों पर निर्भरता समाप्त हो गई।



प्राकृतिक खेती सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाने का तरीका है। इससे मेरी फसलें अधिक स्वस्थ और पोषक बन रही हैं साथ ही मिट्टी की उर्वरता भी बनी हुई है अशोक साहू ने उत्साहपूर्वक बताया।

अशोक साहू ने समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाते हुए सेम, मोगरा, पोपट, बैंगन, मिर्च, धनिया, पालक, मेथी, अदरक और करेला जैसी फसलें लगाईं। पानी की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने बलराम तालाब का निर्माण करवाया और सोलर फेंसिंग लगवाई, जिससे जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान को पूरी तरह समाप्त कर दिया।

अब अशोक साहू के खेत से सालाना लगभग तीन लाख रुपये की आमदनी हो रही है, जो पहले के मुकाबले दोगुनी है। उन्होंने अपने खेत में बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किया, जिससे उनके परिवार के लिए भोजन पकाने की व्यवस्था सुगम हो गई और बची हुई स्लरी खाद के रूप में खेत में उपयोग की जा रही है।

प्राकृतिक खेती अपनाने के बाद मेरी लागत बहुत कम हो गई है। अब मुझे केवल गुड़ खरीदना पड़ता है, बाकी सभी आवश्यक चीजें खेत और पशुधन से ही प्राप्त हो जाती हैं अशोक साहू ने अपनी सफलता साझा करते हुए बताया। अशोक साहू की इस सफलता में कृषि विभाग का सहयोग सराहनीय रहा है। समय-समय पर उन्हें विभागीय मार्गदर्शन और प्रशिक्षण मिला, जिससे उनकी खेती में लगातार सुधार होता गया। आत्मा परियोजना के तहत इस वर्ष उन्हें एलाइड प्रदर्शन अंतर्गत मछली बीज उपल4ध कराया गया है, जिससे उन्होंने अपने बलराम तालाब में मछली पालन भी शुरू कर दिया है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

किसान अशोक की यह सफलता उन सभी किसानों के लिए प्रेरणादायक है, जो प्राकृतिक खेती अपनाकर कम लागत में अधिक लाभ कमाना चाहते हैं। उनकी यह कहानी सिद्ध करती है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से किसी भी बंजर भूमि को हरियाली में बदला जा सकता है। प्राकृतिक खेती को लेकर उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ पूरे जिले में भ्रमण कर किसानों के बीच जानकारियों दी है।

# आईपीएल के समुद्र में से कोतवाली पुलिस ने पकड़ी मछली, मगरमच्छों पर नजर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आईपीएल सीजन है ये सट्टेबाजों का और छिंदवाड़ा में आईपीएल के समुद्र में कई छोटी-बड़ी मछलियां तैर रहीं हैं। मगरमच्छ भी गोते लगा रहे हैं, इन्हीं मछलियों में से एक मछली कल रात सट्टा खिलाते हुए कोतवाली पुलिस के हाथ लग गई और मगरमच्छों का नाम-नंबर पुलिस के नजर में चढ़ गए, इनका लाखों का हिसाब-किताब सटोरी से पुलिस को मिल गया है। आने वाले दिनों में आईपीएल रोमांचकारी होगा। मैदान में और थानों में भी।

छिंदवाड़ा एस.पी. अजय पाण्डेय के मार्गदर्शन में नए ए.एस.पी. आई.पी.एस. आयुष गुप्ता के निर्देशन में सी.एस.पी. अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने आईपीएल सट्टे पर कार्रवाई की।

पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर के द्वारा सूचना दी गई कि पुराना छापाखाना निवासी यश गुप्ता उसके मोबाईल से क्रिकेट सट्टा की मास्टर आई डी से लोगों को सट्टा खिलाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। जिसके मोवाईल में सट्टा का हिसाब किताब है। कार्यवाही हेतु सउनि ब्रिजेश रघुवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर मुखबिर के बताए स्थान छापाखाना पर सट्टा रेड कार्यवाही की गई। यहां यश पिता योगेश गुप्ता उम्र २६ साल निवासी छापाखाना बुधवारी बाजार छिंदवाड़ा हाथ में एक मोबाईल आई फोन १३ प्रो नीले रंग का मिला।

रंगे हाथों सट्टा खेलते व खिलाते मिले यश ने बताया कि उक्त क्रिकेट सट्टा की मास्टर आईडी सौरभ प्रेमचंदानी निवासी सिवनी जिला सिवनी के द्वारा ३ प्रतिशत कमिशन पर देना बताया।

आरोपी के पास से नगदी पांच हजार रूपए एवं एक आई फोन.१३ मोबाईल जिस पर लाखो का हिसाव किताब मिला जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा ४ क म.प्र. प4लिक गे6बलिंग ए1ट धारा ४ क बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

इस टीम ने पकड़ा आरोपी को

महत्वपूर्ण भूमिका आरोपी को पकडने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, सहायक उप निरीक्षक ब्रिजेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक युवराज रघुवंशी, आरक्षक विकास वैस, रामकुमार, सायबर टीम के आरक्षक आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद साहित्य प्रदर्शनी का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ ए1सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातको8ार महाविद्यालय छिंदवाड़ा में रामकृष्ण मठ पुणे द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर आधारित साहित्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा प्रो. आई.के. त्रिपाठी का जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई, प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा द्वारा स्वागत किया गया।

उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर साहित्य प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति सदस्य अरूण गदरे, तरुण सोनी, पंकज माहोरे, विजेंद्र चौहान, कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्रो. सीताराम शर्मा एवं पी.जी. कॉलेज से नोडल अधिकारी डॉ. पी.एन. सनेसर सहित वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीचंद, डॉ. के.एल. झरबडे, डॉ. सुरेन्द्र झरिया, अनुज दुबे सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे। प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर आधारित साहित्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा क्रय किया गया। इस अवसर पर बड़ी सं2या में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के साहित्य को क्रय किया।

## वार्ड नं. 44 जैन रेस्टोरेंट के बाजू से खाली प्लाटों में बजबजा रही गदंगी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वार्ड न6बर ४४ जैन रेस्टोरेंट के बाजू में तिवारी डेव्लपर्स से लगे नाले के पीछे खाली प्लाटों में गदंगी बजबजा रही है लोग कचरा फेंक रहे है जिससे वार्ड में मच्छरों की भरमार है। खाली प्लाट धारक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। नपानि सफाई कर संबंधितों पर कार्यवाही करें तो सफाई होगी।

# किसान मोर्चा ने एडीएम और डीडीए को सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश मंत्री संजय स1सेना एवं जिला अध्यक्ष संजय पटेल के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, एडीएम के.सी. बोपेच और डीडीए जितेन्द्र कुमार सिंह से कार्यालय में मुलाकात की।



इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री अलकेश साव, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल, जिला मंत्री दीपक कुर्मी, मीडिया प्रभारी अश्वनी यदुवंशी, युवराज कहार आदि शामिल रहे। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव को बताया कि कृषक सहकारी समितियों में, किसानों के केसीसी ऋण भुगतान की अंतिम तिथि को एक माह बढ़ाने, जिले में चल रही लगभग ६००० करोड़ की विभिन्न माइक्रो सिंचाई परियोजनाएं के कार्य में तेजी लाए जाने एवं उनकी जिला स्तर पर वृहद समीक्षा बैठक करवाए जाने, उद्यानिकी महाविद्यालय के भवन निर्माण एवं शैक्षणिक स्टाफ की कमी पूरी करवाए जाने विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में लाकर इन सभी विषयों के समाधान किए जाने का आग्रह किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सरकार है चर्चा करेंगे की बात कही।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवाओं के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सभी जनपद पंचायतों द्वारा हितग्राहियों को एक साथ सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयासों की कलेक्टर श्री सिंह ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से हितग्राहियों को न केवल समय पर लाभ मिला है, बल्कि निर्माण कार्यों में भी गति आई है। उन्होंने निर्देश दिए कि आगे भी इसी तरह समन्वय बनाकर कार्य किए जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जनपद पंचायत सी.ई.ओ. को निर्देश दिए कि आवास प्लस योजना के अंतर्गत वर्ष २०२४ के लिए बचे हुए एफटीओ को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने आवास प्लस योजना की जानकारी के अभाव में चौरई ब्लॉक कोऑर्डिनेटर का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सितंबर २०२४ से प्रारंभ हुए ऐसे प्रधानमंत्री आवास, जो अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं, उन पर नाराजगी व्यक्त की। इसके तहत बिछुआ और परासिया के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए एवं बीसी परासिया द्वारा लगातार लापरवाही बरतने के कारण उनकी संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी जनपद पंचायत सीईओ और सहायक यंत्री प्रत्येक सप्ताह का दौरा कार्यक्रम तैयार करें। इसके तहत सप्ताह में कम से कम एक दिन किसी गांव में रुककर योजनाओं की जमीनी हकीकत की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना २.० वॉटरशेड विकास घटकए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और १५ वे वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों को तेजी से पूरा करें और हर स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।

## समग्र आईडी में हुई त्रुटि का हुआ सुधार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समग्र आईडी में त्रुटिवश मृत घोषित की गई श्रीमती संध्या मंडराह को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पुन: प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

कले1टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा हितग्राही का नाम पुन: जीवित नागरिक के रूप में समग्र आईडी पोर्टल पर अपडेट कर दिया गया है। पूर्व में अगस्त २०२४ में उनकी समग्र आईडी में त्रुटिवश मृत दर्ज कर दिया गया था, जिसके कारण लाड़ली बहना योजना, संबल योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उन्हें मिलना बंद हो गया था। अब नगर निगम द्वारा सुधार उपरांत महिला एवं बाल विकास विभाग ने संबंधित प्रकरण को भोपाल प्रेषित कर दिया।

# हिमानी दीदी को आजीविका मिशन से मिली खुशहाली

## सफलता की कहानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला छिन्दवाड़ा की श्रीमती हिमानी उइके का जीवन भी कुछ ऐसा ही रहा। कभी आर्थिक तंगी से जूझते हुए मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाली हिमानी आज पशु सखी और कृषि सखी के रूप में न केवल आत्मनिर्भर बनीं, बल्कि कई अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।



वर्ष २०१९ तक हिमानी दीदी का परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। बीमारी के चलते घर की स्थिति और खराब हो गई थी। मजदूरी कर किसी तरह परिवार का गुजारा हो रहा था, लेकिन भविष्य अंधकारमय लग रहा था।

परिवर्तन की शुरुआत

३१ अगस्त २०२०० को हिमानी दीदी की मुलाकात आजीविका मिशन की टीम से हुई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं और कार्यों के बारे में जानकर उनमें उ6मीद की किरण जागी। उन्होंने १२ महिलाओं के साथ मिलकर सरस्वती स्व सहायता समूह का गठन किया और उन्हें समूह का अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय उनके जीवन में बदलाव का पहला कदम साबित हुआ।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

मिशन के सहयोग से उन्होंने सतपुड़ा सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र तामिया में कृषि सखी और पशु सखी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। बकरी पालन, जैविक खाद और कीटनाशक निर्माण जैसी तकनीकों को अपनाकर उन्होंने स्वंय को कृषि कार्य में दक्ष बनाया।

आर्थिक सशक्तिकरण का सफर

समूह के सहयोग से हिमानी दीदी को १.५ लाख रुपये का बैंक लिंकेज और १२००० रुपये की आर.एफ. की राशि मिली। उन्होंने १५०००000 रुपये का ॠण लेकर बटाई पर खेती शुरू की और बकरी पालन में निवेश किया। इस प्रयास से उन्हें २५००० रुपये का मुनाफा हुआ और उनकी मासिक आय में सीधे लगभग १०००० रुपये का इजाफा हुआ। धीरे-धीरे उनके परिवार की मासिक आय बढ़कर लगभग २५०००/-रुपये तक पहुंच गई है।

समाज में बढ़ता योगदान

हिमानी दीदी अब सिर्फ अपने परिवार तक ही सीमित नहीं रहीं बल्कि वे अन्य जरूरतमंद परिवारों को भी प्रेरित करने लगीं। पशु सखी और कृषि सखी के रूप में वे अपने अनुभवों को साझा कर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा रही हैं।

सपनों की राह में अगर मेहनत का दीप जलाओगे,
तो अंधेरा भी रास्ता दिखाने लगेगा।

आज हिमानी दीदी न केवल अपने परिवार का सहारा बनी हैं, बल्कि अपने गांव में बदलाव की प्रतीक भी हैं। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से जीवन में किसी भी कठिनाई को मात दी जा सकती है।

अंत में हिमानी दीदी के श4दों में

जबसे हम आजीविका मिशन से जुड़े हैं, तबसे हमारे जीवन में स्थिरता आई है। मैं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने हमें आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया है।

# सिक्स में दंत रोग विभाग ने मनाया विश्व ओरल हेल्थ वीक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दंतरोग विभाग मेडिकल कॉलेज ओर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल द्वारा विश्व ओरल हेल्थ वीक मनाया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार, सिविल सर्जन डॉ. गोन्नाडे, अधीक्षक डॉ. विपिन जैन और आरएमओ डॉ. हर्षवर्धन कुड़ापे उपस्थित रहे। सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. योगेश पाल सिंह और डॉ. रत्नेश बग्गा के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

डॉ. मेघा जैन सहा. प्राध्यापक, मेडिकल कॉलेज द्वारा ओरल हेल्थ डे पर व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत डॉ. सुचिता साहू ने मुख और दंतरोग से बचाव और उनके उपचार पर सेशन लिया। अंत में डॉ बग्गा द्वारा वोट ऑफ थैंक्स दिया गया।

प्रोग्राम में दंतरोग विभाग के डॉ. पंचराज, डॉ. जया, डॉ. उमेश, डॉ. शशांक मौजूद रहे तथा संचालन डॉ. अनुष्का द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की फेकल्टी, नर्सिंग स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता दी। अभिषेक और दीपाली ने स्वल्पाहार की व्यवस्था देखी।

इस अवसर पर अतिथियों ने तथा उपस्थित वक्ताओं ने दंत रोग के संबंध में जानकारी दी और विश्व ओरल हेल्थ विक दिवस मनाने का कारण भी बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को उनके द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सार-समाचार

# सात मदिरा कम्पोजिट दुकानों का २० प्रतिशत वृद्धि के साथ किया गया निष्पादन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वर्ष २०२५-२६ अर्थात् दिनांक 00१ अप्रैल, २०२५ से ३१ मार्च २०२६ तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑ1शन के पंचम चरण दिनांक २५ मार्च, २०२५ में छिन्दवाड़ा जिले के 00१ एकल समूह- उमरेठ में स6मिलित कुल- ७ क6पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के वर्ष २०२५-२६ के वार्षिक मूल्य में २00 प्रतिशत की वृद्धि कर शासन द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य रूपये २४,४४,३९,९९९ पर जिले के कॉन्ट्रे1टर रजिस्टर्ड २ अन्य इच्छुक पात्र आवेदकों द्वारा प्रतिस्पर्धा में सहभागिता दिखाई गयी जिसमें उच्चतम टेण्डरदाता मेसर्स राजहंस ट्रेडर्स पार्टनर अमित सिंह के पक्ष में रूपये २५,५२,५२,९९९/- पर निष्पादन अन्तिम हुआ है। इस प्रकार शासन को उक्त 0एक एकल मदिरा समूह के लिये निर्धारित आरक्षित मूल्य से रूपये ०१,०८,१३,०००/- का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि वर्ष २०२४-२५ के वार्षिक मूल्य से २५.३१ प्रतिशत अधिक है।

राज्य शासन के द्वारा वर्ष २५-२६ अर्थात् दिनांक ०१ अप्रैल, २०२५ से ३१ मार्च २०२६ तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑ1शन के पंचम चरण में निष्पादन से शेष छिन्दवाड़ा जिले की ३२ क6पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के 04 एकल समूह-परासिया, चांदामेटा, जामई एवं दमुआ का वर्तमान वर्ष २०२४-२५ के वार्षिक मूल्य में २० प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारित आरक्षित मूल्य पर मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक ४७ दिनांक १४ फरवरी २०२५ के अध्यधीन निष्पादन ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑ1शन षष्ठम चरण के माध्यम से दिनांक २८ मार्च २०२५ को निष्पादन किया जाना है। एम.पी. टेण्डर्स के पोर्टल पर ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय दिनांक २६ मार्च २०२५ से प्रारंभ हो गया है।

जिला आबकारी कार्यालय, छिन्दवाड़ा से ई-टेण्डर एवं ई.टेण्डर कम ऑ1शचन के लिये निर्धारित आवेदन पत्र एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर दिनांक २८ मार्च २०२५ को प्रात: ११.३० बजे तक आवेदन पत्र क्रय एवं जमा किये जा सकेंगे। जिसके लिये इच्छुक पात्र आवेदक (व्यक्तियों/फर्म/क6पनी) को ई-आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाईन कॉन्ट्रे1टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। कॉन्ट्रे1टर रजिस्टर्ड इच्छुक पात्र आवेदक ही निष्पादन की कार्यवाही में भाग ले सकते है।

वर्ष २०२५-२६ के लिये क6पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों का ई-टेण्डर टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑ1शन से संबंधित नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाशों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है।

# टाउन हॉल में किया जाएगा ई-लायब्रेरी का निर्माण : महापौर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम छिंदवाड़ा अंतर्गत शासन के निर्देश अनुसार लाइब्रेरी का निर्माण किया जाना है। इस संबंध में स्थान का चिन्नांकन टाउन हॉल में किया गया। बुधवार को नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने टाउन हॉल का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को जायजा लिया एवं ई-लाइब्रेरी निर्माण को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली, उपयंत्री रोहित सूर्यवंशी एवं स्वच्छता अधिकारी अनिल मालवी उपस्थित रहे। बता दें कि निगम आयुक्त द्वारा महापौर से चर्चा कर ई-लायब्रेरी निर्माण की जानकारी दी थी जिसके तहत महापौर विक्रम आहके ने तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण किया।

# केन्द्रीय गृह एवं रक्षा मंत्री से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सागर सांसद लता वानखेड़े ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सागर सांसद लता वानखेड़े से जिले और संगठन की सूक्ष्म जानकारी प्राप्त की तथा संगठन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के बालाजी प4िलक स्कूल की बालक एवं बालिका एन.एस.एस. इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। यह शिविर ग्राम मारई एवं भदभदा में आयोजित किया गया था जिसमें हाईकिंग, मोबाइल एडिशन पर जागरूकता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, हाईजीन के प्रति जागरूकता आदि गतिविधियाँ संपन्न की गयीं। समस्त गतिविधियों में इकाई के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं प्रकृति को नज़दीक से समझा।



शिविर के समापन में जिला समन्वयक प्रो. रविन्द्र नाफड़े द्वारा एन.एस.एस. के गीत गाकर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया गया। संस्था प्राचार्या द्वारा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया गया एवं संस्था के एसोसिएट डायरे1टर बी. आदर्श नायडू द्वारा समस्त गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, कार्यक्रम अधिकारी नरेश जोशी, श्रीमति वर्षा श्रीवास्तव, पंकज बरनवाल एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने जनपद सभागार में हुई बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा के सभाकक्ष में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई।

बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाऐं किस तरह से रोजगार मूलक कार्यो से जुड़कर आत्म निर्भर बन सके इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा आजीविका मिशन सहित अनेक योजनाओं को क्रमवार महिलाओं को बताया गया ताकि महिलाऐं आने वाले समय में किसी की आश्रित न रहे और स्वयं का व्यवसाय रोजगार कर आत्म निर्भर बन सके और अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाकर परिवार के साथ रहते हुए समाज में भी स6मान पूर्वक सर उठाकर जी सके। चित्र उसी अवसर का।

# व्याख्यानमाला का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 26 मार्च को संविधान के अमृत महोत्सव के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह के निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यावक्ता के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ.आशारानी सहायक प्राध्यापक को आमंत्रित किया गया। उनके द्वारा संविधान के प्रावधानों के निहितार्थ को आत्मासात करने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# गोकुलधाम सोसायटी से कम नहीं, इमलीखेड़ा में बने एमआईजी आवास

आरएस वर्मा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जहां एक ओर नगर पालिक निगम पानी, बिजली, नाली, सड़क के दिनचर्या पर उलझी रहती है तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे भवन निर्माणों का ऐसा रूप दिया गया कि देखकर प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इमलीखेड़ा में बनाए गए एमआईजी के आवास सिरियल गोकुलधाम सोसायटी से कम नहीं है।

यह नजारा उस समय देखने को मिला जब नागपुर रोड स्थित एफ.डी.डी.आई के पीछे बने आवास योजना को देखने के लिए निगम आयुक्त सी.पी. राय और कार्यपालन यंत्री ईश्वरसिंह चंदेली अपनी टीम के साथ अंतिम रूप देखने के लिए पहुंचे तो पाया कि वहां पूजा पाठ चल रही है और धीरे धीरे पैसा जमा कर रजिस्ट्री उपरांत लोग गृह प्रवेश कर रहे है।

इस दौरान पानी, बिजली, स्ट्रीट लाइट, नाली और सड़क को देखकर निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि नगर निगम की तकनीकी टीम ने बाखूबी अपनी देखरेख में एक ऐसा आदर्श कॉलोनी का निर्माण करवाया है प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिसमें डूपले1स के साथ साथ सर्वसुविधायुक्त जरूरत की चीजे है किचन, अटैच लेटबाथ, हॉल, बेडरूम, छत और बालकनी भी सुसज्जित देखी जा सकती है।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि स्वच्छता में कोई समझौता नहीं होगा साफ सफाई अधिक और तत्परता से की जाऐं ताकि रहने वाले लोगों को उन्हें यह आभास हो सके कि अच्छे वातावरण में रह रहे है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि शीघ्र ही पार्क का निर्माण किया जाएगा ताकि रहवासी उस पार्क में भ्रमण कर सके। साथ ही भ्रमण के दौरान परिक्षेत्र के अंतर्गत अन्य व्यवस्थाऐं भी किए जाने के निर्देश दिए गए।

इमलीखेड़ा आदर्श कॉलोनी में ७८ आवास कॉलोनी की निविदा १८.८१ करोड़ रूपये में आमंत्रित की गई थी जिसका निर्माण कार्य ३० जून २०२२ तक किया जाना प्रस्तावित था जिसमें आंतरिक एवं बाह्य संरचना के कार्य होना था। एम.आई.जी. की निर्माण लागत २०.४६ लाख रूपये प्रति भवन थी लेकिन कोरोना काल में कार्य बंद हो जाने के कारण निर्माण की लागत २४.२९ लाख रूपये हो गई। यानि ३.५० लाख रूपये की वृद्धि हुई। इन भवनों की नीलामी की गई जिसका ऑफसेट मुल्य ३१ लाख रूपये एवं कॉर्नर भवन की लागत ३२ लाख रूपये रखी गई थी।

३१ हितग्राहियों के द्वारा अतिरिक्त राशि ३.५० लाख रूपये जमा कर अतिरिक्त वृद्धि को स्वीकार भी किया है। ७८ एम.आई.जी. आवास में से ७० लोगों के द्वारा बुकिंग की गई है शेष ८ आवासों की पुन: ई निविदा के माध्यम से प्रति भवन आफसेट मूल्य ४६ लाख रूपये के हिसाब से रखी गई है।

इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना छिन्दवाड़ा की मॉडल योजना कही जा सकती है चाहे इमलीखेड़ा की हो या फिर खजरी की अथवा प्रस्तावित परतला की आवास योजना हो। हर व्यक्ति गुणव8ा युक्त निर्माण और स्वच्छ वातावरण में सर्वसुविधायुक्त मकान चाहता है जो वर्तमान समय में नगर पालिक निगम द्वारा प्रदाय किए जा रहे है।

निश्चित तौर से यह एक अच्छा कदम माना जा रहा है जहां लोग कॉलोनी को देखने के लिए पहुंच रहे है और निजी कॉलोनाईजर भी इसी तर्ज में एमआईजी, एलआईजी और एचआईजी का निर्माण कर रहे है।

# निगम आयुक्त और कार्यपालन यंत्री ने किया मकानों का निरीक्षण

